## एक नजर में



### पर्यावरण विधिक साक्षारता शिविर

**उज्जैन।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीसी गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिरण के सचिव मनोज कुमार भाटी के नेतृत्व में शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विजयाराजे उज्जैन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश पवन कुमार पटेल की उपस्थित में आयोजित किया गया। पटेल के द्वारा बताया गया कि शिविर का मुख्य लक्ष्य युवाओं में पर्यावरण संरक्षण की भावना जगाना है। किसी भी देश में अगर युवाओं की संख्या ज्यादा है तो उस देश का विकास भी तेजी से होता है। क्योंकि बच्चे ही देश का विकास तय कर सकते हैं। युवा नई सोच और सकारात्मक सोच के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान कर सकते हैं। एक पेड़, एक परिवार जैसे अभियान चलाना, फलदार और छायादार पौधे को लगाना चाहिए तथा उसके महत्व को बताया गया है। यह भी बताया गया कि हम अपने आस पास प्रकृति प्रदत्त विभिन्न जैविक एवं अजैविक आवरणों से घिरे हुए हैं। इन प्राकृतिक आवरणों के संयोजन से हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विकास एवं पर्यावरण का काफी गहरा संबंध है। उपस्थित बच्चों को प्रोटेक्ट टुडे सिक्योर टुमारो अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में जिला न्यायधीश पवन कुमार पटेल तथा प्रीति धाणक, प्राचार्य, कार्यालयीन कर्मचारीगण, लगभग 60 छात्राएं उपस्थित रहीं।

### योग साधकों का सम्मान समारोह संपन्न



**उज्जैन।** योग एवं ध्यान के क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से सक्रिय रूप से सेवारत योग साधकों का एक सम्मान समारोह अंजू श्री नारी शक्ति क्लब एवं आर एस डायमंड की ओर से आयोजित किया गया। यह सम्मान डॉ. सरिता पांडे, डॉ. लतिका व्यास, डॉ. मंजू तिवारी, डॉ. वर्षा चौरसिया, डॉ. सिम्मी सक्सेना, नीलम कक्कड़, पल्लवी देवनानी, प्रीति जायसवाल, ममता उपाध्याय, मंजू रावलानी आदि को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### युवा मंच सत्संग समिति की साधारण सभा आज

**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन की वार्षिक साधारण सभा आज 28 दिसंबर रविवार को रखी गई है। जिसमें संस्था का आय व्यय पत्रक का वाचन एवं आगामी वर्ष 2026 का अनुमानित बजट पर चर्चा होगी। समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास हिरदेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित साधारण सभा आज दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी। जिसमें युवा मानव सेवा समिति का भी गठन युवा साथियों को साथ लेकर किया जाएगा। साथ ही युवा मंच महिला सत्संग समिति 3 वर्ष के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की जावेगी। गोपाल बागरवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य पीडित मानव की सेवा करना, निराश्रित बुजुर्गों को गेहूं वितरण एवं उज्जैन नगर की बस्ती में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, नि:शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन दवा चश्मा वितरण के साथ धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करना है। सभा में वर्ष 2026 हेतु नई सदस्यता भी प्रारंभ की जाएगी। जिसमें मात्र 200 रुपए में नए सदस्य भी आमंत्रित हैं। युवा मंच सत्संग समिति ने सभी सदस्यगण, पदाधिकारी, सेवा कार्य से जुड़े सभी सदस्य एवं दानदाताओं से साधारण सभा में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### सेंट मार्टिन की मान्यता रद्द करें

**उज्जैन।** जिस छात्रा ने होमवर्क नहीं किया था उनको सैंट मार्टिन स्कूल के प्राचार्य के निर्देश पर शिक्षकों ने ठंड में छात्रों को नग्न कर पिटाई की। ऐसे प्राचार्य पर कानूनी कार्रवाई करते हुए स्कूल की मान्यता रद्द की जाए। इस आशय का एक पत्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह को उज्जैन भाजपा ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र हुकमचंद कछवाय ने भेजा है। नरेंद्र कछवाय ने बताया कि सीहोर स्थित क्रिश्चियन मिशनरी स्कूल सीहोर ग्राम जाता खेड़ा के सेंट मार्टिन स्कूल के प्राचार्य के इशारे पर ड्राइवर स्कूल के छात्रों से पत्थर एकत्रित करवा कर उनसे मजदूरी भी करवाता था। साथ ही जो छात्र तिलक और कलवा पहन के आते थे उनका अपमान करते थे। पत्र लिखकर कछवाय ने मुख्यमंत्री यादव से आग्रह किया है कि इस प्रकार के जिन स्कूलों में छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है ऐसे स्कूल की मान्यता रद्द करते हुए प्राचार्य और शिक्षक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाना चाहिए।

### डॉ. नागर को ऐतिहासिक उपलब्धि पर सम्मान

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण प्रतिभाशाली प्रोत्साहन समिति द्वारा डॉ. राजेन्द्र नागर, एम.डी. को उनकी ऐतिहासिक खेल उपलब्धियों के लिए मंजूषा पुरस्कार एवं सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अगस्त 2025 में पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता बनने तथा कनिष्ठ खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से कालिदास अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। डॉ. राजेन्द्र नागर ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में डेड लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, स्क्वाट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, बेंच प्रेस में रजत पदक प्राप्त कर एक अभूतपूर्व एवं उत्कृष्ट इतिहास रचा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में भी डॉ. नागर ने डेड लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक तथा बेंच प्रेस प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम किया था। इसके साथ ही नवंबर 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता में विशेष पदक जीतने पर उनका राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन भी किया गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कार्यक्रम के दौरान नागर समाज द्वारा डॉ. राजेन्द्र नागर का करतल ध्वनि के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### साधारण सभा का आयोजन आज

**उज्जैन।** श्री रविदास सेवक संघ जिला उज्जैन के सचिव राकेश सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि संस्था के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी की अध्यक्षता मे एक महत्पूर्ण साधारण सभा का आयोजन दिनांक 28 दिसंबर 2025, रविवार को प्रेम छाया परिसर (चामुंडा माता मंदिर के पीछे), उज्जैन में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगी। साधारण सभा में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से नवीन कार्यकारिणी की घोषणा एवं शपथ ग्रहण, आगामी रविदास जयंती के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श तथा महिला प्रकोष्ठ के गठन की घोषणा की जाएगी। अत: समस्त सामाजिक बंधुओं और महिलाओं से आग्रह है कि इस साधारण सभा मे अधिक से अधिक संख्या मे सम्मिलित होकर समाज के उत्थान में अपना योगदान देवे।

### कांग्रेस एवं सेवादल का स्थापना दिवस आज

**उज्जैन।** कांग्रेस 140वां स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवादल का 102वां स्थापना दिवस आज 28 दिसंबर को शहर कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन क्षीरसागर पर मनाया जाएगा। विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश परमार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि सर्वप्रथम राष्ट्रगीत से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। तत्पश्चात झंडावंदन, राष्ट्रगान तत्पश्चात शपथ होगी। इस अवसर पर कांग्रेस के 15 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, नेताओं का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, सेवादल, एनएसयूआई, समस्त पार्षद सहित समस्त कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे।

# किसानों को यदि मुआवजा नहीं मिला तो इसके लिए पटवारी दोषी रहेंगे : सांसद

## सिंहस्थ निर्माण कार्य समय पर पूरे हो, सांसद फिरोजिया ने ली दिशा की बैठक, दर्जन भर से ज्यादा विभागों की हुई समीक्षा

**उज्जैन।** महाकुंभ 2028 के मद्देनजर जितने भी निर्माण कार्य है वह समय पर पूरे होना चाहिए। लापरवाही नहीं होना चाहिए। सभी कार्यों में गुणवत्ता भी बरती जाना चाहिए, किसानों को यदि मुआवजा नहीं मिला है, तो इसके लिए पटवारी दोषी रहेंगे। सभी का आकलन हो और बराबर मुआवजा मिले यदि कोताही बरती तो पटवारी पर जबरदस्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन फैक्ट्री के लिए प्लाट लिए गए थे वहां अभी तक कोई इकाई नहीं शुरू की गई तो उद्योग विभाग उन सभी प्लाट का आवंटन निरस्त करें।

यह दिशा निर्देश उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद द्वारा दिशा की बैठक में दिए गए, सांसद अनिल फिरोजिया ने अच्छे कार्यों पर जहां पीठ थपथपाई, वहीं गुणवत्ताहीन कार्यों को लेकर नाराजगी भी जताई। साथ ही अधिकारियों को हिदायत दी की कार्य समय पर पूरे होना चाहिए। आम जनता से लेकर किसानों के कार्य में लापरवाही ना बरती जाए। आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों को लेकर जिला विकास एवं समन्वय तथा निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को प्रशासनिक संकुल भवन में सांसद अनिल फिरोजिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



नागदा विधायक ने पाडलिया रोड पर अतिक्रमण और भारी वाहनों के प्रवेश पर नाराजगी जताई। साथ ही नगर पालिका के आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया गया, जिस पर कलेक्टर ने जांच और तत्काल भुगतान के निर्देश दिए।

ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था, नलकूप खनन और जल योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। खाचरौद रोड, बड़नगर रोड ब्रिज के कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया।

वन विभाग की समीक्षा में शिप्रा नदी किनारे, पंचक्रोशी मार्ग, बनबना तालाब और तराना क्षेत्र में सघन पौधारोपण के निर्देश दिए गए। सिंहस्थ से पूर्व चिड़ियाघर सह रेस्क्यू सेंटर निर्माण पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 21 हजार किसानों को 47 करोड़ रुपये की फसल बीमा राशि और 244 करोड़ रुपये मुआवजा दिया गया है। जिन मामलों में दस्तावेजों की लापरवाही से किसानों को लाभ नहीं मिला, वहां संबंधित पटवारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उद्योग विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन भूखंडों पर उद्योग स्थापित नहीं हुए हैं, उनके आवंटन निरस्त कर युवाओं और स्टार्टअप्स को अवसर दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उप स्वास्थ्य केंद्रों की गुणवत्ता, उपकरण उपलब्धता और माधवनगर अस्पताल की रात्रि निगरानी पर विशेष निर्देश दिए गए। सांसद फिरोजिया ने बैठक में स्पष्ट किया कि सिंहस्थ की तैयारियां सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें, ताकि उज्जैन एक सुव्यवस्थित और भव्य सिंहस्थ के लिए तैयार हो सके।

### गुणवत्ता से समझौता न हो-पिछली बैठक की समीक्षा

बैठक में सांसद ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। बैठक में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद फिरोजिया ने पिछली दिशा बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नगर निगम को बीपीएल हितग्राहियों के लंबित आवास शीघ्र आवंटित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित हो रही कॉलोनियों में नाली निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। ईडब्ल्यूएस और एलआईजी आवासों के लिए आवास मेले आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

### हरि फाटक ब्रिज के नीचे अनावश्यक वाहन

राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज ने हरिफाटक ब्रिज के नीचे खड़े अनावश्यक वाहनों को हटाने, हाट बाजार से मांस-मछली की दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग महाकाल मंदिर का प्रमुख रास्ता है, जहां श्रद्धालुओं को भारी असुविधा होती है। बैठक में निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि अधूरे कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएं और खुदाई के बाद सड़कों को तुरंत बहाल किया जाए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियोजित ढंग से और पूर्व सूचना देकर करने पर जोर दिया गया। विधायक कालूहेड़ा ने सीवर लाइन कार्य, पीलिया खाल नाले की स्थिति और पंचक्रोशी मार्ग पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता का मुद्दा उठाया। विद्युत वितरण कंपनी को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी गांव में सामूहिक रूप से बिजली बंद न की जाए। ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में अधिकतम तीन दिन में बदलने के निर्देश दिए गए। सौर ऊर्जा योजनाओं के प्रचार-प्रसार में कमी पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की।

# शास्त्री नगर मैदान के पास युवक पर चाकू से हमला

## मामला पुरानी रंजिश का, दोस्त के साथ आया था हमलावर

**उज्जैन। पुरानी रंजिश में बीती शाम शास्त्री नगर मैदान के पास बाइक से आए दो बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। सीने में चाकू लगने पर युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज कर हमलावरों की तलाश कर रही है।**

शांति नगर में रहने वाला धर्मेंद्र पिता बंसी बाथम महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद की दुकान पर काम करता है। वहीं पर रोहित बंजारा भी फूल प्रसाद बेचता है। दोनों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। बीती शाम को धर्मेंद्र अपने दोस्त भोले के साथ बेक समोसा खाने के लिए शास्त्री नगर मैदान पहुंचा था। इस दौरान रोहित अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर आया और पुरानी रंजिश में विवाद करते हुए धर्मेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। सीने में चाकू लगने पर धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया दोस्त भोला उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख तत्काल उपचार शुरू किया। चाकूबाजी की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया। रात में हमला करने वाले दोनों बदमाशों की तलाश में तभी दी गई लेकिन दोनों फरार होना सामने आए।

### आगरनाके पर पति ने फोड़ा पत्नी का सिर

आगरनाके पर रहने वाली नजमीन शाह को घायल हालत में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। घायल नजमीन ने बताया कि उसे पर पति इरशाद शाह ने हमला किया है। पति शराब पीने का आदी है और ई रिक्शा चलाता है। रात में नशा कर घर लौटा था और विवाद कर मारपीट की। 10 दिन पहले भी उसने बुरी तरह से पीटा था। चिमनगंज थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### बंदी की उपचार के दौरान मौत

उज्जैन। केंद्रीय जेल के अधीक्षक ने जानकारी दी कि जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी अविनाश राव पिता बंशीलाल राव निवासी रतलाम, उम्र-29 वर्ष, थाना-स्टेशन रोड रतलाम, को विगत 16 दिसंबर को जेल चिकित्सक, केन्द्रीय जेल के परामर्श अनुसार जिला चिकित्सालय भेजा गया था। जहां से 16 दिसंबर को ही एमव्हायएच इंदौर रेफर होने से जेल गार्ड एवं जेल वाहन से भेजा गया था, जहां चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा बंदी को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था। विगत 26 दिसंबर को ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी सन्नी गेहलोत द्वारा प्रात: लगभग 4.50 बजे दूरभाष पर गेट कीपर प्रहरी भोजराज रावत को सूचना दी गई कि बंदी की प्रात: लगभग 4.50 बजे मृत्यु हो गई है। बंदी की मृत्यु की सूचना मृतक बंदी के परिजनों को दे दी गई है। साथ ही उक्त विचाराधीन बंदी अविनाश राव पिता बंशीलाल राव की मृत्यु की सूचना जिला दण्डाधिकारी, एवं मृतक के परिजनों को सूचना दी गई गई है।

### चलती ट्रेन से गिरा टायर फैक्ट्री में काम करने वाला युवक

उज्जैन। चलती ट्रेन से गिरे युवक की मौत होने के बाद उसके मोबाइल पर आए दोस्त के काल से शिनाख्त की गई। दोनों दोस्त साथ में सफर कर रहे थे, टीटी के आने पर ट्रेन से गिरा युवक दूसरे डब्बे में चला गया था। नरवर क्षेत्र में रेलवे ट्रेक से एक युवक की लाश पुलिस द्वारा बरामद की गई थी। जिसकी पहचान दोस्त प्रहलाद के फोन आने पर अशोक पिता सोहनलाल सेन निवासी ग्राम भमोरी कटनी के रूप में हुई है। दोस्त प्रहलाद के उज्जैन पहुंचने पर सामने आया कि दोनों इंदौर स्थित टायर फैक्ट्री में काम करते थे। कटनी से ट्रेन में सवार होकर इंदौर आ रहे थे। जगह नहीं मिलने पर वह दिव्यांग डिब्बे में सवार हो गए थे। रास्ते में टीटी के आने पर अशोक ने दूसरे डिब्बे में भाग गया था। उसे टीटी ने पुलिस के हवाले कर दिया था। शाम को पुलिस कस्टडी से छूटने के बाद वह इंदौर स्थित अपने रूम पर पहुंचा तो अशोक दिखाई नहीं दिया उसने कॉल किया तो पता चला कि ट्रेन से गिरने पर उसकी मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार दोस्त द्वारा पहचान किए जाने के बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी गई थी। आज सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है।

# महाकाल क्षेत्र पहुंचे पुलिस अधीक्षक



**उज्जैन।** नववर्ष से पहले धार्मिक नगरी में आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दे रहा है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंचने की संभावना बनी हुई है। जिसको लेकर यातायात व्यवस्था और क्षेत्र में श्रद्धालुओं को सुविधा न हो इसका जायजा लेने के लिए एसपी शनिवार को मंदिर क्षेत्र पहुंचे।

मध्य प्रदेश को छोड़ देश के अन्य प्रदेशों में क्रिसमस के साथ ही शीतकालीन अवकाश शुरू हो चुका है। छुट्टियां शुरू होते और नव वर्ष के करीब आते ही धार्मिक स्थलों पर भीड़ बढ़ाना शुरू हो गई है। 12 ज्योतिर्लिंगों में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी उज्जैन में भी 25 दिसंबर बाद से ही आस्था का सैलाब उरत दिखाई दे रहा है जिसके चलते मंदिर की ओर जाने वाले मार्गो के साथ महाकालेश्वर मंदिर के आसपास भीड़ का काफी दबाव दिखाई दे रहा है। देशभर आने वाले श्रद्धालुओं को आज सुविधा न हो और यातायात व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। शनिवार को एसपी प्रदीप शर्मा महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से मार्गो पर अतिक्रमण न हो इसके निर्देश जारी किए। श्रद्धालु महाकाल मंदिर में दर्शन के दर्शन के लिए आसानी से पहुंच सके इसको लेकर उन्होंने बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग स्थल और दर्शन मार्ग का निरीक्षण किया। वैसे महाकाल थाना पुलिस पिछले तीन दिनों से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को लेकर लगातार मार्गो का भ्रमण कर रही है अतिक्रमण हटवाने के साथ वाहनों को पार्किंग स्थल तक पहुंचा जा रहा है। नववर्ष पर धार्मिक नगरी में 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल प्रतिदिन डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### आजीवन सलाखों में रहेगा दुष्कर्म करने वाला

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के खोप दरवाजा पर रहने वाले बबलेश पिता मांगीलाल केवट को न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में आजीवन करावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी भारतसिंह केनल ने बताया कि बड़नगर कस्बे में रहने वाली 3 बच्चों की मां को आरोपी बबलेश ने अपने घर बुलाकर उसके लड़के के लिये रिश्ता बताने की बात कहीं थी। महिला अपने बेटे के लिये लड़की का फोटो देखने बबलेश के घर पहुंची तो उसने जबरदस्ती बलात्कार करते हुए मोबाइल से वीडियो बना लिया था। जिसे वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने 2 से 3 बार गलत काम किया। महिला ने उसकी हरकतों से परेशान होकर बबलेश के बुलाने पर जाने से मना किया तो उसने बच्चों को मारने की धमकी देकर फोटो-वीडियों परिवार के सदस्यों को भेजा शुरू कर दिये। महिला ने अपने साथ हो रही ज्यादती की शिकायत पर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिला उज्जैन के न्यायाधीश प्रतापसिंह चौहान ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास एवं 13 हजार अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन में मागदर्शन प्रदान किया। पैरवी ईश्वरसिंह केलकर ने की।

# भजन सुनने को लेकर हिंदू-मुस्लिम छात्रों के बीच विवाद

**नागझिरी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ दर्ज किया मामला**

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित अल्पाइन कालेज की बस में कालेज जाने के दौरान एक छात्र मोबाइल पर भजन सुन रहा था। मुस्लिम छात्र ने उसे आवाज कम करने को कहा था। इसके बाद बस से बाहर निकलने के दौरान दोनों में विवाद हो गया। मुस्लिम छात्र ने बाहरी बदमाशों को बुलाकर कालेज कैंटिन में छात्र व उसके दोस्त को जमकर पीट दिया। इसे लेकर कालेज में जमकर बवाल हो गया। सूचना मिलने पर नागझिरी पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया। पुलिस ने आरोपित छात्र सहित नामजद व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि मोहित पुत्र मुकेशसिंह राजपूत 20 वर्ष निवासी मंगरोला अल्पाइन कालेज में बीफार्मा का सेकेंड ईयर का छात्र है। बस से कालेज जा रहा था। बस में वह मोबाइल पर भजन सुन रहा था। बस में बैठे कालेज के छात्र हसन अली ने कहा कि वह मोबाइल की आवाज कम कर ले, जिसके बाद मोहित ने आवाज कम कर ली थी। कालेज में बस पहुंचने के दौरान हसन से पैर पीछे करने को लेकर दोनों में विवाद हो गया था। कालेज में भी हसन अली उसके साथियों ने गालियां दी। कालेज की एक मैडम ने सभी को समझाकर क्लास में भेज दिया। इसके बाद जब मोहित कालेज की कैंटिन पहुंचा तो वहां सोहेल खान, रेहान मन्सूरी, मोहम्मद मोइस, महफूज वेग, सुफियान, शरबर, केशव गौस्वामी, हसन अली व उसके साथियों ने मोहित व उसके साथी आदित्य राज सिंह, विनयपाल सिंह, विजय गौड, कमलेश सूर्यवंशी तथा विश्वराज सिंह के साथ मारपीट कर पथराव कर दिया। जिससे कालेज में अफरा-तफरी मच गई। आरोपितों ने कालेज में जमकर नारेबाजी भी की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया। पुलिस ने मोहित की शिकायत पर रेहान व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**दर्शन व्यवस्था बदली** | 3 दिन में 5 लाख 50 हजार लोग उमड़ चुके, 1 जनवरी को 10 लाख तक आने का अनुमान

# महाकाल मंदिर प्रशासन ने 5 जनवरी तक प्रोटोकॉल से वीआईपी दर्शन बंद किए

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में प्रशासन ने 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक प्रोटोकॉल के जरिए संचालित वीआईपी दर्शन की व्यवस्था को बंद कर दिया है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के आदेश से इसे तत्काल बंद किया गया है। मंदिर में अब सिर्फ आम दर्शन ही जारी है। अभी तक प्रोटोकॉल के जरिए जनप्रतिनिधि, ज्यूडिशियली, अधिकारी, पत्रकार, साधु संत, शंकराचार्य, महामंडलेश्वर आदि दर्शन लाभ ले रहे थे। लेकिन मंदिर में उमड़ रही लाखों लोगों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी है। अब सभी आम व खास एक ही लाइन से बाबा महाकाल के दर्शन कर रहे हैं। वहीं 250 रुपए की टिकट से शीघ्र दर्शन व्यवस्था फिलहाल जारी रखी गई है। मंदिर प्रशासन को इतनी भीड़ को संभालने व दर्शन कराने में अभी से पसीने छूटने लगे हैं। अनुमान है कि 31 दिसंबर व 1 जनवरी को 10 लाख लोग उमड़ सकते हैं। 25 से 27 दिसंबर तक 3 दिनों में 5.50 लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर पहुंच चुके हैं।

### 250 की टिकट वाली लाइन में अफरा तफरी मची रही

मंदिर क्षेत्र में शनिवार को दिनभर लंबा जाम लगा रहा। पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला व गलत गाड़ी पार्क कर जाम लगाने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए कई वाहनों की हवा तक निकाली। शनिवार को महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब दिखाई दिया। सबसे ज्यादा अफरा-तफरी 250 रुपए की टिकट की लाइन में दिखी। यहां भी भारी भीड़ थी। धक्का-मुक्की के दौरान कई लोग भीड़ में दबते नजर आए। अफरा-तफरी मचने की जानकारी लगने पर महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली।



### 173 बिना खटाई पकवानों का भोग, गोल्डन बुक में वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज

उज्जैन के संतोषी माता मंदिर में 173 बिना खटाई वाले पकवानों का भोग लगाया गया। इसका वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। संध्या आरती के बाद मंच से गोल्डन बुक की टीम ने पुजारी मनोज पुरी गोस्वामी को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर प्रमाण पत्र सौंपा। मंदिर प्रांगण में स्थित 84 महादेवों में प्रथम श्री अगस्त्येश्वर महादेव मंदिर में भी पकवानों का भोग लगाया गया। इस अवसर पर मंदिर में कलाकारों ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी तो जोरदार रंगीन आतिशबाजी भी की गई। हजारों लोगों ने यहां भंडारे में प्रसादी भी ग्रहण की। मां संतोषी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। वहीं मंदिर परिसर को फूलों को सजाया गया था। इस अवसर पर महाकाल मंदिर के पुरोहित पंडित दीपक शर्मा ने पुजारी पुरी का स्वागत कर बधाई दी।

